केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के लिए संचालन समिति गठित

नई दिल्ली, आइएएनएस : केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने केन बेतवा लिंक परियोजना के कार्यान्वयन के लिए एक संचालन समिति और केन-बेतवा लिंक परियोजना प्राधिकरण (केबीएलपीए) का गठन किया है।

यह मध्य प्रदेश व उप्र में केन और बेतवा के नदी घाटियों के क्षेत्रों में फैली एक बहु-एजेंसी परियोजना है। इस परियोजना में दौधन बांध के निर्माण व दो नदियों को जोड़ने वाली नहर, लोअर और परियोजना, कोठा बैराज और बीना कांप्लेक्स बहुउद्देशीय परियोजना के माध्यम से केन से बेतवा तक पानी का हस्तांतरण शामिल है। यह परियोजना 10.62 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई करने के साथ लगभग 62 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराएगी। इससे 103 मेगावाट जल विद्युत और 27 मेगावाट सौर ऊर्जा भी उत्पन्न होगी।

जल शक्ति मंत्रालय के सचिव इस समिति के अध्यक्ष होंगे। सदस्यों में पर्यावरण, वित्त, जनजातीय मामले व बिजली मंत्रालय के सचिव शामिल होंगे। मुख्य अभियंता, राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण सदस्य-सचिव होंगे। एक फरवरी को निर्मला सीतारमण ने केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना के कार्यान्वयन के लिए 44,605 करोड़ की घोषणा की थी।